आज का दिन 1966 में फ्रांस की रेंस नदी के मुहाने विश्व के पहले ज्वारीय ऊर्जा संयंत्र ने काम करना शुरू किया।

झलक

सेंसेक्स



+456.00 ↑ अंक नवंबर

निफ्टी



+149.00 ↑ अंक नवंबर

डॉलर



+00.40 ↑ रुपये/डॉलर नवंबर

टॉप गेनर

टीसीएस

पिछला बंद 2186.50
कल का बंद भाव 2300.85

टॉप लूजर

बजाज ऑटो

पिछला बंद 2632.30
कल का बंद भाव 2612.85

शेयरों के ताजा भाव के लिए देखें www.livehindustan.com

जनता पर भारी पड़ रही 500 के नए नोटों की कमी

नई दिल्ली | विशेष संवाददाता

नोटबंदी के बाद 500 के नए नोट की कमी जनता पर भारी पड़ रही है। एक तरफ 2000 के नोट के खुल्ले नहीं मिल रहे हैं। दूसरी ओर बैंक, एटीएम और डाकघर से मिल रहे नोटों में 500 के नोट बेहद कम है।

लिहाजा शहर से लेकर गांवों तक लोग नए नोटों की किल्लत से जूझ रहे हैं और सरकार नोटबंदी के दो हफ्ते बाद भी व्यवस्था बहाल करने में नाकाम साबित हो रही है। दरअसल, नए नोटों में दो हजार मिलने के बावजूद लोग उसे खर्च नहीं कर पा रहे हैं, क्योंकि 500 के नए नोटों की कमी के चलते बड़ा नोट स्वीकारने में लोग आनाकानी कर रहे हैं।

ग्रामीणों क्षेत्र में ज्यादा दिक्कत : सरकार के सूत्रों के मुताबिक, राज्य सरकारों की ओर से लगातार केंद्र पर नए नोटों की आपूर्ति का दबाव बनाया जा रहा है। ज्यादातर राज्यों ने अपने ग्रामीण क्षेत्रों में स्थिति ठीक नहीं होने का हवाला देते हुए नई मुद्रा की आपूर्ति जल्द कराने को कहा है। हालांकि पेट्रोल, गैस, अस्पतालों में पुराने नोटों के चलने के फैसले के साथ उन्हें राहत दी गई थी।

मुद्रा व्यवस्था का आधार 500 रुपये

500 के पुराने नोट भारतीय मुद्रा व्यवस्था का आधार था | 7.9 लाख करोड़ मूल्य के 500 के नोट प्रचलन में थे | 47.8 प्रतिशत थी कुल मुद्रा में हिस्सेदारी

6.3 लाख करोड़ मूल्य के 1000 के नोट प्रचलन में थे | 38.5 प्रतिशत हिस्सेदारी कुल मुद्रा में | 16.4 लाख करोड़ के कुल नोट प्रचलन में थे

500 रुपये के नोट की आपूर्ति कम

7% आपूर्ति 500 के नए नोटों की (पुराने 500 के नोटों की तुलना में)
26-28% आपूर्ति 2000 के नोट की (पुराने 1,000 के नोट के मुकाबले)
500 के नए नोट इस बार ज्यादा रखे जाएंगे
2000 के नोट का अनुपात कम रखा जाएगा
(रिजर्व बैंक के सूत्रों पर आधारित आंकड़े)

आरबीआई नोट को तेजी से बैंकों तक पहुंचा रहा है। स्थिति धीरे-धीरे सामान्य होगी। उम्मीद है कि आने वाले दिनों में व्यवस्था सुचारू हो जाएगी।
-संतोष गंगवार, वित्त राज्य मंत्री

इसे भी जानें | राइट्स शेयर

कंपनियों को अपने कारोबार का विस्तार करने या नया कारोबार शुरू करने के लिए समय-समय पर पूंजी की जरूरत पड़ती है। बाजार से पूंजी जुटाने के लिए कुछ कंपनियां अन्य विकल्पों के साथ अपने शेयरधारकों को राइट (अधिकृत) श्रेणी के नए शेयर भी बेचती हैं। इसे राइट्स शेयर इसलिए कहा जाता है क्योंकि इन्हें खरीदने का सबसे पहला अधिकार कंपनी के पुराने शेयरधारकों को दिया जाता है। जिस शेयरधार के पास जितने शेयर होते हैं उसी अनुपात में उसे राइट्स शेयर बेचे जाते हैं।

बिजनेस आप तक

एसबीआई 5,681 करोड़ रुपये जुटाएगा

मुंबई। सार्वजनिक बैंकों के पुनः पूंजीकरण की सरकार की योजना के तहत भारतीय स्टेट बैंक के निदेशक मंडल ने केंद्र सरकार को 21,07,27,400 शेयर जारी करने की स्वीकृति दे दी है। बैंक ने शुक्रवार को बताया कि सरकार को एक रुपये अंकित मूल्य के ये शयेर 269.59 रुपये प्रति शेयर की दर से जारी किये जाएंगे। इससे उसे करीब 5,681 करोड़ रुपये की पूंजी प्राप्त होगी। सरकार को ये शेयर प्राथमिकता के आधार पर जारी किए जाएंगे तथा लाभांश एवं अन्य सभी मदों में ये सामान्य इक्विटी शेयर के समान ही होंगे। उल्लेखनीय है कि गुरुवार को बैंक के शेयर 261.70 रुपये पर बंद हुए थे।

500 के पुराने नोट पर 600 का टॉकटाइम

नई दिल्ली। टेलीनॉर इंडिया ने बंद किए जा चुके 500 रुपये से रिचार्ज पर 600 रुपये का टॉकटाइम देने की घोषणा की है। कंपनी ने शुक्रवार को यहां जारी बयान में कहा कि सरकार के बंद किए जा चुके 500 रुपये से रिचार्ज की अनुमति दिए जाने के मद्देनजर उसने यह घोषणा की है।

मारुति की वैगन आर का सीमित संस्करण

नई दिल्ली। देश की सबसे बड़ी कार निर्माता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड ने शुक्रवार को वैगन आर फेलिसिटी लिमिटेड एडिशन के लॉन्चिंग की घोषणा की जिसकी कीमत 4.40 से लेकर5.37 लाख रुपये है। इसे दो संस्करणों में पेश किया गया है।

पेवर्ल्ड का दो शीर्ष बैंकों से करार

नई दिल्ली। वॉलेट से भुगतान सेवा देने वाली कंपनी पेवर्ल्ड ने अपने एमपीओएस के माध्यम से देश के ग्रामीण एवं अर्द्ध-शहरी क्षेत्रों में छोटे कारोबारियों को कार्ड से भुगतान प्राप्त करने के मदद के उद्देश्य से भारतीय स्टेट बैंक और एचडीएफसी बैंक के साथ करार किया है।

टाटा मोटर्स का हेक्सा एक्सपीरियंस सेंटर शुरू

गुरुग्राम। टाटा मोटर्स ने अपने बहुप्रतीक्षित वाहन टाटा हेक्सा के लिए एक नई पहल करते हुए यहां हेक्सा एक्सपीरियंस सेंटर का शुक्रवार को उद्घाटन किया जहां ग्राहक इस वाहन को किसी भी तरह की जमीनी हालत में चलाने का अनुभव ले सकते हैं।

प्लास्टिक मनी को बढ़ावा देने के लिए प्री-रिचार्ज डेबिट कार्ड सेवा

बैंक बचत खाते के बिना भी डेबिट कार्ड देंगे

नई दिल्ली | पीयूष पांडेय

अगर आपके पास बैंक खाता नहीं है तो चिंता करने की जरूरत नहीं है, जल्द ही सरकार के निर्देश पर सभी बैंक प्री-रिचार्ज डेबिट कार्ड सेवा शुरू करेंगे। इस कार्ड में एक तय राशि तक ही पैसा जमा होगा जिसका इस्तेमाल प्लास्टिक मनी के तौर पर किया जा सकेगा।

वित्त मंत्रालय पांच सौ और हजार के पुराने नोट बंद किए जाने के बाद से लगातार प्लास्टिक मनी को बढ़ावा देने के कदम उठा रहा है। इसी दिशा में बैंकों को निर्देश दिया गया है कि जिन लोगों के पास खाता नहीं है और उनके पास आधार या कोई अन्य नागरिकता पहचान पत्र है तो उन्हें प्री-रिचार्ज डेबिट कार्ड मुहैया कराया जाए।

अगर किसी व्यक्ति के परिवारिक सदस्य का बैंक खाता है तो उससे यह कार्ड लिंक कर दिया जाए और एक निर्धारित राशि तय कर दी जाए। मंत्रालय के एक अधिकारी के मुताबिक मान लीजिए की घर के किसी एक सदस्य का खाता बैंक में है तो उसकी पत्नी, बच्चों के लिए इस कार्ड की सुविधा महज एक आवेदन पर मुहैया कराई जाएगी। अगर खाता नहीं होगा तो पहचान पत्र समेत अन्य प्रक्रिया को पूरा करना होगा, जैसा कि क्रेडिट कार्ड मुहैया कराते समय बैंक प्रक्रिया निभाते हैं।

देश में कार्ड का चलन

712.4 मिलियन से ज्यादा डेबिट कार्ड चलन में थे देश मेंअगस्त 2016 तक | 26.3 मिलियन से अधिक क्रेडिट कार्ड थे अगस्त 2016 तक

अधिकतम पांच मिलेंगे

मंत्रालय के अधिकारी की मानें तो इस सेवा में एक परिवार के किसी सदस्य के पास बैंक खाता होने पर कई कार्ड मिल सकेंगे जिसकी अधिकतम संख्या पांच रखी गई है। नाबालिगों को भी कार्ड देने की छूट मिलेगी। कार्ड के रिचार्ज की अधिकतम या न्यूनतम सीमा तय की जाएगी।

उचित मूल्य की दुकान

मंत्रालय ने खाद्य वस्तुओं की उचित मूल्य की दुकानों पर माइक्रो एटीएम और पीओएस टर्मिनल बढ़ाने पर काम शुरू कर दिया है। इस संबंध में बैंक मार्च 2017 तक साढ़े पांच लाख दुकानों में से ज्यादातर को इस सुविधा से लैस करने का कदम उठाएंगे।

डिजिटलीकरण बढ़ाने को समिति गठित

कालेधन के चलन को समाप्त करने और भ्रष्टाचार के खात्मे के लिए केंद्र ने एक समिति का गठन किया है। यह समिति सरकार और नागरिकों के बीच विभिन्न प्रकार के लेनदेन के डिजिटलीकरण को बढ़ावा देने के मसलों पर विचार करेगी। नीति आयोग के सीईओ अमिताभ कांत की अध्यक्षता में गठित अधिकारियों की समिति सीमित समय में सभी क्षेत्रों के लिए इस्तेमाल में सुगम डिजिटल भुगतान विकल्पों की पहचान करेगी और उन्हें परिचालन में लाएगी।

मिस्त्री को टाटा स्टील के चेयरमैन पद से भी हटाया

नई दिल्ली | एजेंसियां

टाटा स्टील के निदेशक मंडल ने सायरस मिस्त्री को कंपनी के चेयरमैन पद से भी हटा दिया है। उनकी जगह स्वतंत्र निदेशक ओ. पी. भट्ट को अंतरिम व्यवस्था के तहत नया चेयरमैन नियुक्त किया गया है।

इससे पहले इस्पात क्षेत्र की इस प्रमुख कंपनी ने 11 नवंबर को कहा था कि उसके निदेशक मंडल ने टाटा संस में नेतृत्व में बदलाव पर संज्ञान लिया है और उसे प्रवर्तक तथा प्रमुख शेयरधारक से सायरस मिस्त्री तथा नुस्ली वाडिया को कंपनी के निदेशक पद से हटाने के लिए असाधारण आमसभा (ईजीएम) बुलाने को कहा है।

कंपनी ने शेयर बाजारों को भेजी सूचना में कहा कि कंपनी के निदेशक मंडल ने 25 नवंबर, 2016 को सर्कुलर प्रस्ताव के जरिये बहुमत से सायरस पी. मिस्त्री को बोर्ड के चेयरमैन पद से तत्काल हटाने का फैसला किया। उनके स्थान पर स्वतंत्र निदेशक ओ. पी. भट्ट को बोर्ड का चेयरमैन नियुक्त किया गया है।

सायरस मिस्त्री, पूर्व चेयरमैन, टाटा संस

फैसला

- स्वतंत्र निदेशक ओ. पी. भट्ट को अंतरिम व्यवस्था के तहत जिम्मेदारी
- टाटा संस ने इंडियन होटल्स से भी मिस्त्री को हटाने को कहा

कामगारों के बैंक खाते खुलेंगे

नई दिल्ली। श्रम मंत्रालय ने शुक्रवार को कहा कि वह उन कामगारों के बैंक खाते खुलवाने के लिए शनिवार से वित्त सेवा विभाग के साथ मिलकर एक अभियान शुरू करेगा, जो अभी तक बैंकिंग सेवाओं से दूर हैं। इसके तहत संगठित व असंगठित, दोनों क्षेत्रों के कामगारों के बैंक खाते खुलेंगे। 26 नवंबर से हर जिले में विशेष शिविर लगाए जांएगे। **(एजेंसी)**

पेटीएम पर डेबिट कार्ड भुगतान बंद

नई दिल्ली। मोबाइल वॉलेट कंपनी पेटीएम ने नोटबंदी के बाद शुरू की गई अपनी एप पीओएस का परिचालन निलंबित कर दिया है।

इससे छोटे दुकानदार कार्ड के माध्यम से भुगतान स्वीकार कर सकते हैं। कंपनी ने ऐसा ग्राहक की डेटा सुरक्षा एवं निजता संबंधी चिंताओं के चलते किया है। **(एजेंसी)**

बिजली उत्पादन में तेजी आएगी

नई दिल्ली। देश के थर्मल पावर संयंत्र में बिजली की उत्पादकता को बढ़ाने के लिए कई नई परियोजनाओं को लाने की योजना है। यहां 36वें इंडिया इंटरनेशनल ट्रेड फेयर में सीएसआईआर के डायरेक्टर डॉ. के. मुरलीधरन और डॉ. ए. के. सिंह ने यह बात कही।

हिन्दुस्तान एरोनॉटिक्स लिमिटेड
इंजन प्रभाग (बेंकां), सी वी रामन नगर डाक, ओल्ड मद्रास रोड, बेंगलूर-560 093
फोन: 080-22326370 फैक्स: 080-22313701

वैश्विक निविदा सूचना (दो बोली)

अधिशासी निदेशक (इं, फौ व फो), एचएएल, इंजन प्रभाग की ओर से आर्थिक क्षमता रखनेवाले विक्रेताओं से निम्नलिखित मशीन/उपकरणों (नवीनतम) के लिए निविदाएँ आमंत्रित की जाती है :

क्र.सं.	निविदा सं.	विवरण	मात्रा (सं.)	बयाना जमा राशि(रु)
1	इं/व प्र(क्रय)/4570-11843/उपकरण/16	गियर हॉब्बिंग मशीन	1	3.00 लाख
2	इं/व प्र(क्रय)/4570-11850/उपकरण/16	ग्राइंडिग मशीन	1	3.00 लाख
3	इं/व प्र(क्रय)/4570-21089/उपकरण/16	सीएनसी लेथ	1	3.00 लाख
4	इं/व प्र(क्रय)/4570-21090/उपकरण/16	सीएमएम	1	3.00 लाख
5	इं/व प्र(क्रय)/4570-21092/उपकरण/16	हेवी ड्यूटी कंवेशनल लेथ	1	1.75 लाख
6	इं/व प्र(क्रय)/4570-11859/उपकरण/16	रोटरी ग्राइंडिग मशीन	1	1.75 लाख
7	इं/व प्र(क्रय)/4570-11872/उपकरण/16	ग्लास बीड पीनिंग मशीन	1	1.75 लाख

टिप्पणी: निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि दि. 19.01.2017 के 13.00 घंटे तक है। निविदा की नियत तारीख के अगले कार्य दिवस पर 9.00 बजे निविदा खोलने की तारीख होगी। मात्र ई-प्रोक्यूरमेंट पोर्टल द्वारा ही बोली प्रस्तुत करनी है। उपर्युक्त निविदा और निविदा दस्तावेज के विवरण **https://eproc.hal-india.com** और **www.hal-india.com** पर उपलब्ध हैं। भविष्य के सभी शुद्धिपत्रों को मात्र एचएएल वेबसाईट एवं ई-प्रोक्यूरमेंट पोर्टल पर अद्यतन किया जाएगा।

ह/- अपर महाप्रबन्धक (आईएमएम)

डॉलर की कमजोरी से सेंसेक्स उछला

मुंबई। वैश्विक स्तर से मिले सकरात्मक संकेतों एवं दुनिया की प्रमुख मुद्राओं की तुलना में डॉलर के नरम पड़ने से शुक्रवार को घरेलू शेयर बाजार गिरावट से उबरते हुए तूफानी तेजी से बढ़ते हुये सेंसेक्स 26300 अंक के और निफ्टी 8100 अंक के पार पहंच गया।

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 1.76 प्रतिशत अर्थात 456.17 अंक की बढ़त लेकर 26316.34 अंक पर और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 1.87 फीसदी अर्थात 148.80 अंक चढ़कर 8114.30 अंक पर रहा। बड़ी कंपनियों के साथ ही मझौली और छोटी कंपनियों में लिवाली का जोर रहा।

अशोका एग्रीकल्चरल स्टोर
(एक विश्वसनीय स्टोर)
विक्रेता : सरिया-सीमेन्ट
कांठ रोड, हरथला, मुरादाबाद
फोन- 0591- 2970038, 9045561014

नोटबंदी से छोटी अवधि में नुकसान

नई दिल्ली | एजेंसियां

नोटबंदी का लघु अवधि में वृद्धि दर पर नकारात्मक असर होगा, पर पूरे वित्त वर्ष में इसकी वजह से जीडीपी में मामूली कमी ही आएगी। फिच रेटिंग्स ने शुक्रवार को यह अनुमान लगाया है।

फिच ने कहा कि सुधारों तथा मौद्रिक नीति में नरमी से अगले वित्त वर्ष में वृद्धि दर रफ्तार पकड़ेगी। रेटिंग एजेंसी ने कहा कि लघु अवधि में जीडीपी वृद्धि पर इसका असर नकारात्मक होगा और बाद में यह काफी हद तक इस बात पर निर्भर करेगा कि नकदी संकट की स्थिति क्या रहती है।

बाजार भाव

मुरादाबाद मंडी

अनाज–दाल : अरहर दाल -8000/ 8,400, मूंग दाल साबुत8–7000/7100, मूंग छिलका–6600/6800, मूंग धोबा– 6800/ 7000, राजमा लाल 8400/7500, राजमा छित्तरा–9600/9900, दाल उड़द छिलका–9,500/9800,दाल मटर 3100, चना काबली 14000/14500, चना देसी–12500/12600, दाल चना 13200–13400,मसूर दाल 7500/8,500, लोबिया लाल–5200/5200, सफेद लोबिया–6400/6600, उड़द–8800/9,000.

सर्राफा

सोना 24 कैरेट– 30000 सोना 22 कैरेट–29,500, प्रति दस ग्राम, चांदी- 42500 (प्रति किलो), प्रति एक सिक्का चांदी- 700, सोना गिन्नी- 24,200.

धातु

प्रति किलो : जस्ता ढिम्हा-171, जस्ता (इंगड़),205 तांबा आर्मेचर-339, तांबा स्क्रैप-315, एल्यूमिनियम स्क्रैप-113, पीतल चादरी–270, पीतल सिल्ली-268/300, सीसा-132, पीतल भरत– 262

मैंथा भाव

रामपुर – शिवालिक : 900, मैंथा फ्लैग : 1080, बोल्ड क्रिस्टल : 1100, डीएमओ : 640.
संभल – शिवालिक : 950, मैंथा फ्लैग : 1037, बोल्ड क्रिस्टल : 995, डीएमओ : 740.
चंदौसी – शिवालिक : 970, मैंथा फ्लैग : 1070, बोल्ड क्रिस्टल : 1120, डीएमओ : 760.

दिल्ली मंडी

अनाज-दाल : गेहूं: एमपी देशी 2800/3200, दड़ा (मिल पहुंच) 2080/2090, चक्की (पहुंच) 2115/2120, आटा चक्की (10 किलो): राजधानी 300, रोलर फ्लोर मिल आटा (50 किलो) 1175/1180, मैदा (50 किलो) 1240/1250, सूजी (50 किलो) 1300/1310, चोकर (50 किलो) 880/890, चावल: बासमती लालकिला 11200, स्वाद 5900, शरबती 3150/3700, (1121 नं.) चावल 4700/5900, (1509 नं.) चावल 4500/4550, डीबी 4900/5000, बासमती सामान्य 5900/6000, सोर्टेक्स 6100/6300, परमल कच्चा 2000/2050, ब्रोकन (25 प्रश.) 1950/1975, वंड 2150/2200.

आरोग्यम्
Aarogyam
विज्ञापन हेतु सम्पर्क करें 8938805543

सूर्यांशी क्लीनिक डा0 संजीव कुमार विश्नोई (B.H.M.S)
कैंसर, याददाश्त, चर्म व पेट रोग, एलर्जी, गांठें (रसौली) गुप्त रोग, काला पीलिया, दौरे, हार्मोन्स असंतुलन, लम्बाई/पुराने रोग विशेषज्ञ M : 8923429289
पारकर रोड दीपक काम्पलैक्स, ताड़ीखाना, मुरादाबाद

बबासीर, भगन्दर, फिशर का सफलतम उपचार
आयुर्वेदिक क्षार सूत्र द्वारा सभी प्रकार की बबासीर, भगन्दर एवं फिशर का चिकित्सा केन्द्र
ओ0पी0डी0–सुबह 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक
डॉ. रविन्द्र कुमार गुप्ता
बी0ए0एम0एस0 (कानपुर यूनिवर्सिटी)
मो. नं. 9457366814
परामर्श शुल्क 100 रूपए
प्रत्येक माह की 10 तारीख को क्लीनिक पर कैम्प में परामर्श नि:शुल्क
पता–पद्मा क्षार सूत्र चिकित्सा केन्द्र, फाजलपुर बिजलीघर के सामने, गजरौला

This Wedding Season, Get Additional 10% off on Digital Cashless Payments
Avail this Added Benefit from Hon'ble PM's Latest Initiative

Gili diamond jewellery also available at **www.gili.com** & **www.jewelsouk.com**

Gili Retail Outlets: Lucknow: Shree R.K. Jewellers - 09235605313, Shri Laxmi Narain Jewellers - 0522-4075685, **Mathura:** Tanmay Jewellers - 9675877080, Shri Girraj Ji Jewellers - 0565-2407013, **Unnao:** Badrinath & Sons - 9792016000 / 09839084751, **Barabanki:** Bhaguvati Prasad Anant Kumar Saraf – 9839553900 **Sonebhadra:** Balaji Jewellers - 9919002086, **Basti:** Balakram Ramesh Kumar Saraff Jewellers - 9451861803, **Renukoot:** Navratna Jewellers - 9415675789 **Siddharth Nagar (Gorakhpur):** Abhishek Abhushan Jewellers & Bankers - 9838828509 / 9415069794, **Jaunpur:** Kirti Kunj Jewellers Pvt. Ltd. - 9554951001 / 9889180002, **Ghaziabad:** Acumen marketing - 9871800087 / 9811370050.

Certified by: INDEPENDENT GEMOLOGICAL LABORATORIES
Follow us on

जुबिलैंट लाइफ़ साईंसिज़ लिमिटेड
(सीआईएन : L24116UP1978PLC004624)
पंजीकृत कार्यालयः भारतियाग्राम, गजरौला, ज़िला अमरोहा – 244 223 (उ. प्र.)
ईमेलः investors@jubl.com; वेबसाइटः www.jubl.com
फोनः +91-5924-252 351-56/58-60

डाक मत–पत्र की सूचना

कम्पनी अधिनियम 2013 (''अधिनियम'') की धारा 110 के प्रावधानों के साथ पठित कम्पनी (प्रबंधन एवं प्रशासन) नियम, 2014 (''नियम'') एवं प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सूचियन दायित्व एवं प्रकटीकरण आवश्यकता) नियमावली, 2015 के लागू होने योग्य प्रावधानों के अनुपालन में एतद् द्वारा सूचित किया जाता है कि डाक मत–पत्र सूचना दिनांकित 27 अक्टूबर 2016 में निहित विशेष प्रस्ताव का, इलेक्ट्रॉनिक माध्यम (ई–वोटिंग) सहित डाक मत–पत्र के माध्यम से पारित होना प्रस्तावित है।

मेसर्स संजय ग्रोवर एण्ड एसोसिएट्स, कम्पनी सचिव के श्री संजय ग्रोवर, संव्यवसायिक कम्पनी सचिव (एफसीएस संख्या 4223, सीपी संख्या 3850) को एक निष्पक्ष और पारदर्शी तौर पर डाक मत–पत्र की प्रक्रिया की जांच हेतु संवीक्षक नियुक्त किया गया है।

अंशधारकों को सूचित किया जाता है कि; (क) कम्पनी ने शुक्रवार, 25 नवम्बर 2016 को स्वीकृत साधनों के माध्यम से डाक मत–पत्र फॉर्म तथा स्व–सम्बोधित पूर्व प्रदत्त डाक लिफाफे के साथ डाक मत–पत्र सूचना का प्रेषण पूरा कर लिया है; (ख) मतदान की अवधि (डाक मत–पत्र/ई–वोटिंग के माध्यम से) शनिवार, 26 नवम्बर 2016 को प्रातः 9:00 बजे (भारतीय मानक समय) आरंभ होगी तथा रविवार, 25 दिसम्बर 2016 सायं 5:00 बजे (भारतीय मानक समय) समाप्त होगी; (ग) वह अंशधारक, जिसे डाक मत–पत्र फॉर्म प्राप्त नहीं हुआ है, वे कम्पनी को आवेदन कर सकते हैं तथा डाक मत–पत्र फॉर्म की अनुलिपि प्राप्त कर सकते हैं; (घ) वह अंशधारक, जिसे डाक मत–पत्र फॉर्म प्राप्त हुआ है और ई–वोटिंग सुविधा का लाभ उठाना चाहता है, ऐसे मामले में वह डाक मत–पत्र फॉर्म में उपलब्ध कराए गए 'यूजर नेम' एवं 'पासवर्ड' के माध्यम से ऐसा कर सकता है; (ङ) वह अंशधारक, जो ई–वोटिंग के माध्यम से मतदान करना चाहता है, रविवार, 25 दिसम्बर 2016 सायं 5:00 बजे (भारतीय मानक समय) तक अपने मतदान का प्रयोग कर ले; (च) विधिवत पूर्णतः पूरित एवं हस्ताक्षरित डाक मत–पत्र फॉर्म संवीक्षक के पास रविवार, 25 दिसम्बर 2016 को कार्यकाल (अर्थात् सायं 5:00 बजे (भारतीय मानक समय) तक) पहुँच जाने चाहिए; (छ) कथित तिथि के पश्चात् अंशधारकों से प्राप्त कोई भी डाक मत–पत्र मान्य नहीं होगा तथा मतदान की अनुमति डाक मत–पत्र फॉर्म अथवा ई–वोटिंग के माध्यम से उक्त तिथि के उपरान्त नहीं दी जाएगी; (ज) अंशधारकों को मतदान का अधिकार रिकॉर्ड तिथि अर्थात् शुक्रवार, 11 नवम्बर 2016 को कम्पनी के अंशधारकों के नाम में पंजीकृत अंशों के प्रदत्त मूल्य पर माना जाएगा। (झ) वे व्यक्ति जो रिकॉर्ड तिथि को कम्पनी के अंशधारक नहीं हैं, उन्हें इस सूचना को जानकारी मात्र के तौर पर ग्रहण करना चाहिए। (ञ) डाक मत–पत्र की सूचना कम्पनी की वेबसाइट www.jubl.com के साथ ही नेशनल सिक्यूरिटीज़ डिपोज़िटरी लिमिटेड की वेबसाइट www.evoting.nsdl.com पर भी प्रदर्शित है।

ई–वोटिंग निर्देश हेतु, अंशधारकों से निवेदन है कि डाक मत–पत्र की सूचना में दिए गए निर्देशों को देखें तथा ई–वोटिंग के साथ जुड़े किसी भी प्रश्न/शिकायत के मामले में अंशधारक www.evoting.nsdl.com के Downloads अनुभाग पर उपलब्ध "Frequently Asked Questions (FAQs) for shareholders" एवं "e-Voting User manual for shareholders" को संदर्भित कर सकते हैं अथवा श्री राजीव रंजन, सहायक प्रबंधक, नेशनल सिक्यूरिटीज़ डिपोज़िटरी लिमिटेड, ट्रेड वर्ल्ड, चौथी मंजिल, कमला मिल्स कम्पाउंड, सेनापति बापट मार्ग, लोवर पारेल, मुंबई–400013, इण्डिया को evoting@nsdl.co.in/rajivr@nsdl.co.in पर ई–मेल अथवा टॉल फ्री नं. 1800-222-990/टेलीफोन नं० 022-24994738 अथवा श्री जे. के. सिंगला, वरिष्ठ प्रबंधक, मेसर्स अलंकित एसाइन्मेंट्स लिमिटेड, अलंकित हाईट्स, 1E/13, झंडेवालान एक्सटेंसन, नई दिल्ली–110055, इण्डिया से ई–मेल द्वारा rta@alankit.com पर अथवा टेलीफोन नं० 011-42541234 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

डाक मत–पत्र के परिणाम सोमवार, 26 दिसम्बर 2016 को सायं 5:00 बजे (भारतीय मानक समय) कॉर्पोरेट कार्यालय 1ए, सेक्टर 16ए, नोएडा–201301, उत्तर प्रदेश, इण्डिया में घोषित किए जाएंगे। संवीक्षक की रिपोर्ट के साथ ही परिणाम कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय तथा कॉर्पोरेट कार्यालय में प्रदर्शित होंगे। डाक मत–पत्र के परिणामों की घोषणा विज्ञापन के माध्यम से भी की जाएगी तथा स्टॉक एक्सचेन्जों को भी सूचित किया जाएगा। उक्त परिणाम, संवीक्षक की रिपोर्ट के साथ कम्पनी की वेबसाइट www.jubl.com के साथ ही नेशनल सिक्यूरिटीज़ डिपोज़िटरी लिमिटेड की वेबसाइट www.evoting.nsdl.com पर भी प्रदर्शित किए जाएंगे।

कृते जुबिलैंट लाइफ़ साईंसिज़ लिमिटेड
हस्ता०/–
राजीव शाह
कम्पनी सचिव

तिथि : 25 नवम्बर 2016
स्थान : नोएडा

हिन्दुस्तान मीडिया वेन्चर्स लिमिटेड (एच एम वी एल) के लिए अजय कुमार जैन द्वारा निकट पुलिस चौकी लाकड़ी फाजलपुर, मिनी बाईपास, मुरादाबाद-244001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं एच एम वी एल प्रेस, निकट पुलिस चौकी लाकड़ी फाजलपुर, मिनी बाईपास, मुरादाबाद-244001 (उ.प्र.) से मुद्रित।
प्रधान सम्पादक -शशि शेखर | स्थानीय सम्पादकः पुष्पेन्द्र शर्मा* | दूरभाष : मुरादाबाद (0591) 6609999 फैक्स : 2485699 | आर.एन.आई. नं. UPHIN/2012-46845
* सम्पादक इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अन्तर्गत उत्तरदायी।